भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या – 2170

दिनांक 06.08.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

कैलाश मानसरोवर यात्रा हेतु वित्तीय सहायता

2170. **श्रीमती सुलता देव**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार कैलाश मानसरोवर यात्रा करने वाले भारतीय तीर्थयात्रियों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को वित्तीय सहायता, राजसहायता या प्रतिपूर्ति प्रदान करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) और (ख) विदेश मंत्रालय उत्तराखंड राज्य सरकार तथा सिक्किम राज्य सरकार के सहयोग से जून और अगस्त के दौरान उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रे और सिक्किम में नाथू ला दर्रे के दो आधिकारिक मार्गों के माध्यम से कैलाश मानसरोवर यात्रा का आयोजन करता है।

भारत सरकार व्यक्तिगत तीर्थयात्रियों को कोई प्रत्यक्ष मौद्रिक सब्सिडी प्रदान नहीं करती है। हालांकि, विदेश मंत्रालय स्वयं-वित्तीय पोषण के आधार पर यात्रियों के लिए परिवहन, आवास, भोजन, चिकित्सा परीक्षण, गाइड आदि जैसी सेवाओं के संबंध में सहायता प्रदान करता है। विदेश मंत्रालय इस यात्रा के सुचारू संचालन के लिए चीनी जनवादी गणराज्य की सरकार के साथ-साथ विभिन्न भारतीय एजेंसियों के साथ भी समन्वय करता है।

*****